भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 767
बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

वर्कला में चट्टान का कटाव

†767. श्री एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केरल के वर्कला समुद्र तट पर चट्टान के कटाव के संबंध में प्रायोगिक अध्ययन पूरा कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या निष्कर्ष निकले;

(ग) यदि नहीं, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यह अध्ययन कब तक पूरा होने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्कला समुद्र तट पर चट्टानों के कटाव से पर्यटकों को खतरा पैदा हो जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या मंत्रालय द्वारा चट्टानों के संरक्षण के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने की संभावना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) एवं (ग) जी हां। केरल सरकार के उपक्रम, विजन वर्कला इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अनुरोध पर राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केन्द्र (एनसेस) तिरुवनंतपुरम तथा राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केन्द्र (एनसीसीआर), चेन्नै द्वारा "केरल में वर्कला समुद्र तट पर चट्टान का कटाव " का संयुक्त रूप से प्रायोगिक अध्ययन वर्ष 2023 में पूरा कर लिया गया है।

इस परियोजना में तीन प्रमुख घटक- फील्ड डेटा संग्रहण, संख्यात्मक मॉडल अध्ययन तथा तट सुरक्षा हेतु अंतिम अनुशंसाएं शामिल हैं। दो आरंभिक घटकों (डेटा संग्रहण एवं मॉडलिंग) का कार्य एनसेस को सौंपा गया तथा तीसरे घटक (तट सुरक्षा हेतु अनुशंसा) का कार्य एनसीसीआर को सौंपा गया। एनसीसीआर द्वारा दिसंबर 2023 में “वर्कला, केरल के तटीय संरक्षण एवं चट्टान के स्थिरीकरण का डिज़ाइन” संबंधी मुख्य रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

(घ) वर्कला तटीय चट्टान की अस्थिरता से संबंधित भूवैज्ञानिक पहलुओं एवं मामलों का समाधान करने के लिए फील्ड अध्ययन तथा प्रेक्षणों के आधार पर चट्टान के संरक्षण एवं स्थिरीकरण हेतु उनकी अनुशंसाओं से संबंधित भूवैज्ञानिक रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत किए जाने के अंतिम चरण में हैं।

(ङ) एवं (च) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय संभावित वित्तीय सहायता सहित कार्यान्वयन हेतु हितधारकों को डिजाइन एवं परियोजना प्रबंधन सेवाओं के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए योगदान कर सकता है।

*****